कार्यालयः— उ0 प्र0 लोक सेवा आयोग
संख्या—02/40/अति—5/2026—2027
प्रयागराजः दिनांकः— 09 जुलाई 2026

## विज्ञप्ति

**सहायक नगर नियोजक (प्रा0) परीक्षा—2025, विषय—सामान्य अध्ययन तथा नगर एवं ग्राम नियोजन, जो दिनांक 07 जुलाई 2026** को एक सत्र में आयोजित की गयी थी, से सम्बन्धित वस्तुनिष्ठ प्रकारक सामान्य अध्ययन तथा नगर एवं ग्राम नियोजन विषय से संबंधित **प्रश्नपत्र को स्कैन कर प्रश्न एवं उनके उत्तर** आयोग की वेबसाइट— https://uppsc.up.nic.in पर दिनांक **15 जुलाई 2026** तक उपलब्ध है। प्रश्नों के नीचे दिए गए विकल्पों में से **सही उत्तरों को हाईलाइट व अण्डरलाईन (आयताकार खाने में)** कर दिया गया है। **अभ्यर्थीगण, आयोग की वेबसाइट पर प्रदर्शित प्रश्न—पुस्तिका बारकोड क्रम सं0—2000585 के आधार पर अपने उत्तरों का मिलान कर लें। यदि आयोग द्वारा वेबसाइट पर प्रदर्शित प्रश्नोत्तरों के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो बारकोड क्रम सं0— 2000585 की प्रश्न—पुस्तिका में अंकित प्रश्नों की क्रम संख्या एवं उसी के अनुसार सही विकल्पों का उल्लेख करते हुए निर्धारित प्रारूप पर पूरा प्रश्न लिखेंगे तथा आयोग का उत्तर एवं आपत्ति के रूप में प्रस्तावित उत्तर सहित विकल्पों यथा—a,b,c,d भी लिखेंगे।**

अतः अभ्यर्थियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि यदि उन्हें प्रश्नोत्तरों में कोई विसंगति प्रतीत होती है तो इस सम्बन्ध में अपना प्रत्यावेदन/आपत्ति (संगत साक्ष्य सहित,नीचे दिये गये प्रारूप पर) अनिवार्यतः सामान्य अध्ययन (प्रश्न सं0—01 से 50 तक) तथा नगर एवं ग्राम नियोजन विषय (प्रश्न सं0 51 से 150 तक) हेतु **अलग—अलग प्रत्यावेदन (सामान्य अध्ययन का एक साथ व नगर एवं ग्राम नियोजन का एक साथ) आयोग को एक ही बन्द लिफाफे में**, जो परीक्षा नियंत्रक, अतिगोपन—5 अनुभाग, उ0प्र0 लोक सेवा आयोग, प्रयागराज—211018 को सम्बोधित हो, डाक द्वारा अथवा आयोग के काउन्टर पर, दिनांक **15 जुलाई 2026 के सायं 05.00 बजे तक** किसी भी कार्यदिवस में उपलब्ध करा सकते हैं। बिना साक्ष्य के/अपठनीय व असंगत साक्ष्य युक्त तथा भिन्न बारकोड क्रम संख्या के आधार पर प्रेषित आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा। निर्धारित तिथि व समय के पश्चात प्राप्त प्रत्यावेदनों को स्वीकार नहीं किया जायेगा।

**नोटः—आयोग द्वारा वेबसाइट पर प्रदर्शित प्रश्न—पुस्तिका बारकोड क्रम संख्या—2000585 में अंकित प्रश्न संख्या एवं विकल्प के अनुसार ही आपत्ति दें।**

### प्रारूप

1—अभ्यर्थी का नाम......................................................
2—अनुक्रमांक..............................................................
3—परीक्षा का नाम........................................................
4—विषय का नाम..........................................................

| क0सं0 | वेबसाइट पर प्रदर्शित प्रश्न पुस्तिका बारकोड क्रम सं0—2000585 के अनुसार प्रश्न सं0 व प्रश्न | वेबसाइट पर प्रदर्शित प्रश्न पुस्तिका बारकोड क्रम सं0—2000585 के अनुसार आयोग का उत्तर (विकल्प व लिखित उत्तर) | वेबसाइट पर प्रदर्शित प्रश्न पुस्तिका बारकोड क्रम सं0—2000585 के अनुसार प्रत्यावेदक का उत्तर (विकल्प व लिखित उत्तर) | साक्ष्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |

अभ्यर्थीकाहस्ताक्षर.........................................................

(हर्ष देव पाण्डेय)
परीक्षा नियंत्रक।

जब तक आपको यह प्रश्न-पुस्तिका खोलने को नहीं कहा जाए तब तक न खोलें।

**Question Booklet Bar Code Serial No.**
प्रश्न-पुस्तिका बार कोड क्रम संख्या
**2000585**

**2025**

कोड : ZMTS-01

विषय : सामान्य अध्ययन तथा नगर एवं ग्राम नियोजन

भाग – I : सामान्य अध्ययन : प्रश्न संख्या 1 से 50

भाग – II : नगर एवं ग्राम नियोजन : प्रश्न संख्या 51 से 150

समय : 2 घण्टे

पूर्णांक : 300

अपना अनुक्रमांक सामने बॉक्स में लिखें

अंकों में

शब्दों में

प्रश्नों के उत्तर के लिए केवल **काले बॉल-प्वॉइंट पेन** का प्रयोग करें।

अभ्यर्थी ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर उत्तर देने से पहले सभी अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ लें।

अन्तरीक्षक के हस्ताक्षर

आपको अपने सभी उत्तर **केवल ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक** पर ही देने हैं। परीक्षा के उपरांत ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक अन्तरीक्षक को सौंप दें तथा अभ्यर्थी प्रति (नीली) अन्तरीक्षक से प्राप्त कर लें।

## महत्त्वपूर्ण अनुदेश

1. सभी प्रश्नों के उत्तर दें। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं। ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक और प्रश्न-पुस्तिका जिनकी बार कोड क्रम संख्या एकसमान है, सील्ड पारदर्शी पॉलीथीन पैकेट के अन्दर एक साथ रखी है।
2. **पारदर्शी सील्ड पॉलीथीन पैकेट खोलने के तुरन्त बाद, पुन: जाँच करके देख लें कि प्रश्न-पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर मुद्रित बार कोड क्रम संख्या एकसमान हैं तथा सभी पृष्ठ भली-भाँति छपे हुए हैं। यदि प्रश्न-पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर मुद्रित बार कोड क्रम संख्या एकसमान न हो या इसमें अन्य कोई विसंगति हो, तो इसे अन्तरीक्षक को वापस कर प्रश्न-पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक का दूसरा सील्ड पॉलीथीन पैकेट प्राप्त कर लें।**
3. **अभ्यर्थी प्रश्न-पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर मुद्रित बार कोड क्रम संख्या के एकसमान होने की पुष्टि करने के उपरान्त ही** ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर अपना सही अनुक्रमांक, विषय एवं विषय कोड निर्धारित स्थान पर अंकित करें, अन्यथा ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा और उसकी ज़िम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी।
4. अनुक्रमांक के अलावा प्रश्न-पुस्तिका के कवर पेज पर कुछ न लिखें। रफ कार्य के लिए प्रश्न-पुस्तिका के अन्त में दिए गए दो पृष्ठों का प्रयोग करें।
5. **इस प्रश्न-पुस्तिका में 150 प्रश्न हैं।** प्रत्येक प्रश्न के **चार (4)** वैकल्पिक उत्तर प्रश्न के नीचे दिए गए हैं। इन चारों में से केवल एक ही सही उत्तर है। जिस उत्तर को आप सही या सबसे उचित समझते हैं, ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक में उसके अक्षर वाले वृत्त को **काले बॉल-प्वॉइंट पेन** से पूरा काला कर दें।
6. इस प्रश्न-पुस्तिका में सभी प्रश्न अंग्रेज़ी व हिन्दी दोनों भाषाओं में मुद्रित हैं। द्विभाषी (अंग्रेज़ी/हिन्दी) में किसी भी प्रश्न में अस्पष्टता के मामले में प्रश्न का अंग्रेज़ी संस्करण प्रभावी होगा।
7. **<u>ग़लत उत्तरों के लिए दण्ड :</u>**
   **ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक में अभ्यर्थी द्वारा दिए गए ग़लत उत्तरों के लिए दण्ड दिया जाएगा।**
   (i) प्रत्येक प्रश्न के लिए चार वैकल्पिक उत्तर हैं। अभ्यर्थी द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए एक ग़लत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किए गए अंकों का **एक-तिहाई** दण्ड के रूप में काटा जाएगा।
   (ii) यदि कोई अभ्यर्थी एक से अधिक उत्तर देता है, तो इसे **ग़लत उत्तर** माना जाएगा, यद्यपि दिए गए उत्तरों में से एक उत्तर सही होता है, फिर भी उस प्रश्न के लिए उपर्युक्तानुसार ही उसी तरह का दण्ड दिया जाएगा।
   (iii) यदि अभ्यर्थी द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है, अर्थात् अभ्यर्थी द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए **कोई दण्ड नहीं** दिया जाएगा।

**नोट :** ***कृपया प्रश्न-पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर मुद्रित बार कोड क्रम संख्या के एकसमान होने की जाँच कर ली जाए तथा बार कोड क्रम संख्या के एकसमान न होने की दशा में उसे बदलकर प्रश्न-पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक का दूसरा सील्ड पॉलीथीन पैकेट प्राप्त कर लिया जाए।***

***Note : English version of the instructions is printed on the back cover of this Question Booklet.***

## Part - I / भाग - I

### General Studies / सामान्य अध्ययन

1. Which of the following initiatives was announced in the Uttar Pradesh Budget, 2025 –26 ?
   (a) AI city and cyber security park
   (b) Inorganic farming
   (c) Water plant
   (d) Organic park

2. What is formed when Plaster of Paris is mixed with water ?
   (a) $Ca(OH)_2$ (b) $CaCO_3$
   (c) $CaSO_4 . 2H_2O$ (d) $CaCl_2$

3. Which one of the following pairs is *not* correctly matched ?

| | Waterfall | | River |
|---|---|---|---|
| (a) | Shivanasamudra | – | Cauvery |
| (b) | Vattaparai | – | Pazhayar |
| (c) | Jog | – | Krishna |
| (d) | Dhuandhar | – | Narmada |

4. Which of the following pairs is *not* correctly matched ?
   (a) Dharmapala – 775-814 A.D.
   (b) Vatsaraja – 783-795 A.D.
   (c) Dhruva – 779-793 A.D.
   (d) Govinda III – 893-899 A.D.

5. The E-Waste (Management) Rules in India are based on the principle of :
   (a) Public Trust Doctrine
   (b) Precautionary Principle
   (c) Polluter Pays Principle
   (d) Extended Producer Responsibility (EPR)

1. उत्तर प्रदेश बजट 2025 – 26 में निम्नलिखित में से कौन-सी पहल घोषित की गई थी ?
   (a) एआई सिटी और साइबर सुरक्षा पार्क
   (b) अजैविक खेती
   (c) जल प्लांट
   (d) जैविक पार्क

2. प्लास्टर ऑफ पेरिस को जल में मिलाने से क्या बनता है ?
   (a) $Ca(OH)_2$ (b) $CaCO_3$
   (c) $CaSO_4 . 2H_2O$ (d) $CaCl_2$

3. निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा सही सुमेलित *नहीं* है ?

| | जलप्रपात | | नदी |
|---|---|---|---|
| (a) | शिवनसमुद्रम | – | कावेरी |
| (b) | वट्टापराई | – | पझयार |
| (c) | जोग | – | कृष्णा |
| (d) | धुआँधार | – | नर्मदा |

4. निम्नलिखित में से कौन-सा सही सुमेलित *नहीं* है ?
   (a) धर्मपाल – 775-814 ई.
   (b) वत्सराज – 783-795 ई.
   (c) ध्रुव – 779-793 ई.
   (d) गोविन्द तृतीय – 893-899 ई.

5. भारत में 'ई-अपशिष्ट (प्रबंधन) नियम' किस सिद्धांत पर आधारित हैं ?
   (a) सार्वजनिक न्यास सिद्धांत
   (b) पूर्व सावधानी सिद्धांत
   (c) प्रदूषक भुगतान सिद्धांत
   (d) विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व (EPR)

6. Which of the following countries is ***not*** located on the Black Sea coast ?

(a) Bulgaria (b) Romania

(c) Armenia (d) Ukraine

7. Match List I with List II and select the correct answer using the codes given below the lists :

| List I | List II |
| --- | --- |
| A. Balaji Vishwanath | i. 1740 - 61 |
| B. Baji Rao I | ii. 1713 - 20 |
| C. Balaji Baji Rao | iii. 1761 - 72 |
| D. Peshwa Madhav Rao I | iv. 1720 - 40 |

**Code :**

(a) A-iii, B-ii, C-iv, D-i

(b) A-ii, B-iv, C-i, D-iii

(c) A-i, B-ii, C-iii, D-iv

(d) A-iv, B-iii, C-ii, D-i

8. Consider the following statements :

I. Provisions for the Inter-State Council are mentioned in Article 263 of the Indian Constitution.

II. The Inter-State Council was set up for the first time in 1990.

Which of the above statements is/are correct ?

(a) Only II

(b) Neither I nor II

(c) Only I

(d) Both I and II

9. Which of the following is ***not*** correctly matched ?

(a) Vakpati – *Kathasaritsagar*

(b) Kalidasa – *Malavikagnimitra*

(c) Banabhatta – *Harshacharita*

(d) Bilhana – *Vikramankadeva charita*

6. निम्नलिखित में से कौन-सा देश काला सागर के तट पर स्थित *नहीं* है ?

(a) बुल्गारिया (b) रोमानिया

(c) आर्मेनिया (d) यूक्रेन

7. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| सूची I | सूची II |
| --- | --- |
| A. बालाजी विश्वनाथ | i. 1740 - 61 |
| B. बाजीराव प्रथम | ii. 1713 - 20 |
| C. बालाजी बाजीराव | iii. 1761 - 72 |
| D. पेशवा माधवराव प्रथम | iv. 1720 - 40 |

**कूट :**

(a) A-iii, B-ii, C-iv, D-i

(b) A-ii, B-iv, C-i, D-iii

(c) A-i, B-ii, C-iii, D-iv

(d) A-iv, B-iii, C-ii, D-i

8. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

I. अंतर-राज्य परिषद के प्रावधान भारतीय संविधान के अनुच्छेद 263 में उल्लिखित हैं।

II. अंतर-राज्य परिषद की स्थापना पहली बार 1990 में की गई थी।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल II

(b) न तो I, न ही II

(c) केवल I

(d) I और II दोनों

9. निम्नलिखित में से कौन-सा सही सुमेलित *नहीं* है ?

(a) वाकपति – *कथासरित्सागर*

(b) कालिदास – *मालविकाग्निमित्र*

(c) बाणभट्ट – *हर्षचरित*

(d) बिल्हण – *विक्रमांकदेव चरित*

2005585

10. Given below are two statements, one is labelled as Assertion (A) and the other as Reason (R) :

**Assertion (A) :** The ESPY Awards 2025 named Simone Biles as the best female athlete of the year.

**Reason (R) :** Her performance in the 2024 Paris Olympics was a major reason for the award.

Select the correct answer from the options given below :

(a) Both (A) and (R) are correct, but (R) is *not* the correct explanation of (A).

(b) (A) is true, but (R) is false.

(c) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A).

(d) (A) is false, but (R) is true.

11. The famous 'Charkula' dance is associated with :

(a) Bundelkhand (b) Avadh

(c) Rohilkhand (d) Braj Bhoomi

12. Which country launched air strikes on three key Iranian nuclear sites during the Israel-Iran conflict in June 2025 ?

(a) China

(b) United States of America

(c) Russia

(d) United Kingdom

13. Water absorbed by root hairs reaches the leaves through :

(a) Phloem vessels

(b) Stomata

(c) Palisade cells

(d) Xylem vessels

14. Gross Profit + Opening Stock + Purchases + Direct Expenses – Sales = ?

(a) Closing Stock (b) Capital

(c) Indirect Expenses (d) Net Profit

10. नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिनमें एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) के रूप में अंकित किया गया है :

**अभिकथन (A) :** ESPY पुरस्कार 2025 में सिमोन बाइल्स को वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला एथलीट के रूप में नामित किया गया।

**कारण (R) :** उन्हें यह पुरस्कार मुख्य रूप से 2024 पेरिस ओलंपिक में शानदार प्रदर्शन के कारण दिया गया।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(a) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या *नहीं* करता है।

(b) (A) सही है, लेकिन (R) ग़लत है।

(c) (A) और (R) दोनों सही हैं, और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।

(d) (A) ग़लत है, लेकिन (R) सही है।

11. प्रसिद्ध 'चरकुला' नृत्य संबंधित है :

(a) बुंदेलखंड से (b) अवध से

(c) रोहिलखंड से (d) ब्रज भूमि से

12. जून 2025 में इज़राइल-ईरान संघर्ष के दौरान किस देश ने ईरान के तीन प्रमुख परमाणु स्थलों पर हवाई हमले किए ?

(a) चीन

(b) संयुक्त राज्य अमेरिका

(c) रूस

(d) यूनाइटेड किंगडम

13. मूलरोमों द्वारा अवशोषित जल पत्तियों तक पहुँचता है :

(a) फ्लोएम वाहिकाओं द्वारा

(b) रंध्रों द्वारा

(c) पैलीसेड कोशिकाओं द्वारा

(d) जाइलम वाहिकाओं द्वारा

14. सकल लाभ + प्रारंभिक रहतिया + क्रय + प्रत्यक्ष व्यय – विक्रय = ?

(a) अन्तिम रहतिया (b) पूँजी

(c) अप्रत्यक्ष व्यय (d) शुद्ध लाभ

15. Since which year has the 'Pradhan Mantri Kisan Samman Nidhi Yojana' been in operation in Uttar Pradesh ?

(a) 2024-25 (b) 2020-21
(c) 2018-19 (d) 2022-23

16. If 1,000 Joules of energy is stored in plants, how much energy will be available to the tiger in the following food chain ?
Plants → Deer → Tiger

(a) 10 Joules
(b) 0·1 Joule
(c) 1 Joule
(d) 5 Joules

17. If $\sqrt{a}-\frac{1}{\sqrt{a}}=\sqrt{5}$, then $a^2+\frac{1}{a^2}$ is equal to :

(a) 47 (b) 45
(c) 49 (d) 51

18. Lake Kariba is associated with which river ?

(a) Congo (b) Limpopo
(c) Zambezi (d) Orange

19. Which of the following does ***not*** belong with the others ?

(a) Pluto (b) Mars
(c) Earth (d) Venus

20. If the sum of two numbers is three times their difference, then the ratio of the numbers is :

(a) 3:4 (b) 4:3
(c) 2:1 (d) 2:3

21. Which of the following is called dry ice ?

(a) Gaseous carbon monoxide
(b) Solid carbon monoxide
(c) Solid carbon dioxide
(d) Gaseous carbon dioxide

15. उत्तर प्रदेश में 'प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना' किस वर्ष से लागू की जा रही है ?

(a) 2024-25 (b) 2020-21
(c) 2018-19 (d) 2022-23

16. यदि पौधों में 1,000 जूल ऊर्जा संचित है, तो निम्नलिखित खाद्य श्रृंखला में बाघ के लिए कितनी ऊर्जा उपलब्ध होगी ?
पौधे → हिरण → बाघ

(a) 10 जूल
(b) 0·1 जूल
(c) 1 जूल
(d) 5 जूल

17. यदि $\sqrt{a}-\frac{1}{\sqrt{a}}=\sqrt{5}$ हो, तो $a^2+\frac{1}{a^2}$ बराबर है :

(a) 47 (b) 45
(c) 49 (d) 51

18. करीबा झील किस नदी से सम्बद्ध है ?

(a) कांगो (b) लिम्पोपो
(c) ज़ाम्बेज़ी (d) ऑरेंज

19. निम्नलिखित में से कौन-सा अन्य से भिन्न है ?

(a) प्लूटो (b) मंगल
(c) पृथ्वी (d) शुक्र

20. यदि दो संख्याओं का योगफल उनके अंतर का तीन गुना हो, तो उन संख्याओं का अनुपात होगा :

(a) 3:4 (b) 4:3
(c) 2:1 (d) 2:3

21. निम्नलिखित में से किसे शुष्क बर्फ कहा जाता है ?

(a) गैसीय कार्बन मोनोऑक्साइड
(b) ठोस कार्बन मोनोऑक्साइड
(c) ठोस कार्बन डाइऑक्साइड
(d) गैसीय कार्बन डाइऑक्साइड

22. Select the option that is related to the third term in the same way as the second term is related to the first term.
RIDE : LNBE :: HELP : ?
(a) JPCH
(b) NINP
(c) BAJP
(d) BJJP

23. The largest international airport in South Asia is being built at which of the following locations ?
(a) Jewar (Noida)
(b) Bulandshahr
(c) Ghaziabad (Sahibabad)
(d) Varanasi

24. Which of the following Puranas combined the two terms 'Ras' and 'Lila' into the single term 'Raslila' ?
(a) Agni Purana
(b) Bhagwat Purana
(c) Vishnu Purana
(d) Garuda Purana

25. Which organisation announced its 2025 Global Awards recognising MSMEs and innovations in IP-driven Technology (covering environment, health, agri-food, and creative industrial sectors) ?
(a) WHO
(b) WTO
(c) UNESCO
(d) WIPO

22. उस विकल्प का चयन कीजिए जो तीसरे पद से उसी प्रकार संबंधित है जिस प्रकार दूसरा पद पहले पद से संबंधित है।
RIDE : LNBE :: HELP : ?
(a) JPCH
(b) NINP
(c) BAJP
(d) BJJP

23. दक्षिण एशिया का सबसे बड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा निम्नलिखित में से किस स्थान पर बनाया जा रहा है ?
(a) जेवर (नोएडा)
(b) बुलंदशहर
(c) गाज़ियाबाद (साहिबाबाद)
(d) वाराणसी

24. निम्नलिखित में से किस पुराण ने 'रास' तथा 'लीला' दो शब्दों को मिलाकर एक शब्द 'रासलीला' बनाया ?
(a) अग्नि पुराण
(b) भागवत पुराण
(c) विष्णु पुराण
(d) गरुड़ पुराण

25. किस संगठन ने अपने 2025 के वैश्विक पुरस्कारों की घोषणा की, जिसमें बौद्धिक संपदा आधारित प्रौद्योगिकी में नवाचार करने वाले सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (MSMEs) (जिसमें पर्यावरण, स्वास्थ्य, कृषि-खाद्य और रचनात्मक उद्योगों के क्षेत्र हैं) शामिल हैं ?
(a) विश्व स्वास्थ्य संगठन
(b) विश्व व्यापार संगठन
(c) यूनेस्को
(d) डब्ल्यू आई पी ओ

200585

26. E.J. Butler is known as the father of which science in India ?

(a) Entomology (b) Nematology

(c) Plant Pathology (d) None of the above

27. If the average of a non-zero number and its square is 5 times the number, then the number is :

(a) 19 (b) 295

(c) 9 (d) 29

28. Norin-10 is a cultivar of which of the following crops ?

(a) Groundnut

(b) Wheat

(c) Maize

(d) Paddy

29. Consider the following rulers and arrange them in chronological order :

I. Muhammad Shah

II. Mubarak Shah

III. Khizr Khan

IV. Alauddin Alam Shah

Select the correct answer using the codes given below :

(a) IV, II, III, I

(b) I, II, III, IV

(c) II, I, IV, III

(d) III, II, I, IV

30. What is an ecological niche ?

(a) The specific role and position of a species within its habitat

(b) The top predator in a food web

(c) The total number of species in a community

(d) The physical location where an organism lives

26. भारत में ई.जे. बटलर को किस विज्ञान का जनक माना जाता है ?

(a) कीट विज्ञान (b) सूत्रकृमि विज्ञान

(c) पादप रोगविज्ञान (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

27. यदि किसी शून्येतर संख्या और उसके वर्ग का औसत उस संख्या का पाँच गुना है, तो वह संख्या है :

(a) 19 (b) 295

(c) 9 (d) 29

28. नोरिन-10 निम्नलिखित में से किस फसल की किस्म है ?

(a) मूँगफली

(b) गेहूँ

(c) मक्का

(d) धान

29. निम्नलिखित शासकों पर विचार कीजिए और उन्हें कालानुक्रम में व्यवस्थित कीजिए :

I. मुहम्मद शाह

II. मुबारक शाह

III. खिज्र खाँ

IV. अलाउद्दीन आलम शाह

नीचे दिए गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर का चयन कीजिए :

(a) IV, II, III, I

(b) I, II, III, IV

(c) II, I, IV, III

(d) III, II, I, IV

30. "पारिस्थितिक निकेत" क्या है ?

(a) किसी प्रजाति की उसके पर्यावास में विशिष्ट भूमिका और स्थिति

(b) एक खाद्य जाल में शीर्ष शिकारी (परभक्षी)

(c) एक समुदाय में प्रजातियों की कुल संख्या

(d) वह भौतिक स्थान जहाँ कोई जीव रहता है

31. What is the primary objective of the Waqf (Amendment) Act, 2025 ?
(a) To promote religious tourism
(b) To establish a Central Waqf authority
(c) To regulate the construction of new Waqf properties
(d) To enhance efficiency, accountability and transparency in Waqf property management

32. If a + b + c = 11, ab + bc + ca = 3 and abc = – 135, then the value of $a^3 + b^3 + c^3$ is :
(a) 925 (b) 929
(c) 827 (d) 823

33. If South-East becomes North, North-East becomes West and so on, then what will West become ?
(a) South-West (b) North-West
(c) South-East (d) North-East

34. Which nitrogenous base is ***not*** found in RNA ?
(a) Cytosine (b) Adenine
(c) Thymine (d) Guanine

35. Consider the following statements with reference to the composition of the National Income of India :
I. The relative share of the non-agricultural sector in the national income of India has increased since 1950 – 51.
II. This is because of the rapid growth of the industrial sector.
Which of the above statements is/are correct ?
(a) Only I (b) Both I and II
(c) Only II (d) Neither I nor II

36. Tilaiya Dam is built on which of the following rivers ?
(a) Jamunia River (b) Konar River
(c) Barakar River (d) Bokaro River

31. वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 का मुख्य उद्देश्य क्या है ?
(a) धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देना
(b) एक केन्द्रीय वक्फ प्राधिकरण की स्थापना करना
(c) नई वक्फ संपत्तियों के निर्माण को विनियमित करना
(d) वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन में कुशलता, उत्तरदायित्व और पारदर्शिता को बढ़ाना

32. यदि a + b + c = 11, ab + bc + ca = 3 और abc = – 135 हो, तो $a^3 + b^3 + c^3$ का मान है :
(a) 925 (b) 929
(c) 827 (d) 823

33. यदि दक्षिण-पूर्व उत्तर हो जाता है, उत्तर-पूर्व पश्चिम हो जाता है और इसी प्रकार आगे भी परिवर्तन जारी रहे, तो पश्चिम क्या होगा ?
(a) दक्षिण-पश्चिम (b) उत्तर-पश्चिम
(c) दक्षिण-पूर्व (d) उत्तर-पूर्व

34. आरएनए में कौन-सा नाइट्रोजनी क्षारक ***नहीं*** पाया जाता है ?
(a) साइटोसीन (b) एडेनीन
(c) थाइमीन (d) ग्वानीन

35. भारत की राष्ट्रीय आय की संरचना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
I. 1950 – 51 से भारत की राष्ट्रीय आय में ग़ैर-कृषि क्षेत्र का सापेक्षिक योगदान बढ़ा है।
II. इसका कारण औद्योगिक क्षेत्र में तीव्र वृद्धि है।
उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?
(a) केवल I (b) I और II दोनों
(c) केवल II (d) न तो I, न ही II

36. तिलैया बाँध निम्नलिखित में से किस नदी पर बनाया गया है ?
(a) जमुनिया नदी (b) कोनार नदी
(c) बराकर नदी (d) बोकारो नदी

2005585

37. In which district of Uttar Pradesh is the "Gola Gokaran Nath Temple" located ?

(a) Ayodhya

(b) Lakhimpur Kheri

(c) Sitapur

(d) Gorakhpur

38. What is 'Green Hydrogen', which is a key focus of India's National Green Hydrogen Mission ?

(a) Hydrogen produced from natural gas

(b) Hydrogen imported from countries with large forests

(c) Hydrogen mixed with green paint

(d) Hydrogen produced using renewable energy (like solar) for electrolysis

39. What is the primary goal of India's Nationally Determined Contribution (NDC) under the Paris Agreement ?

(a) To achieve 100% electric vehicle sales by 2030

(b) To reduce the emission intensity of its GDP by 45% by 2030, from 2005 levels

(c) To double the forest cover by 2030

(d) To completely phase out coal by 2030

40. Which of the following is/are *not* covered under the Anganwadi scheme ?

I. Children between 0 and 6 years of age

II. Girls between 11 and 14 years of age

III. Pregnant and lactating mothers

IV. Senior citizens above 70 years of age

Choose the correct answer from the options given below :

(a) Only II

(b) Only IV

(c) II and IV

(d) II and III

37. "गोला गोकरन नाथ मंदिर" उत्तर प्रदेश के किस जिले में स्थित है ?

(a) अयोध्या

(b) लखीमपुर खीरी

(c) सीतापुर

(d) गोरखपुर

38. 'ग्रीन हाइड्रोजन', जो भारत के राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन का एक प्रमुख विषय है, क्या है ?

(a) प्राकृतिक गैस से उत्पादित हाइड्रोजन

(b) विशाल जंगलों वाले देशों से आयातित हाइड्रोजन

(c) हरे रंग के पेंट के साथ मिश्रित हाइड्रोजन

(d) विद्युत्-अपघटन के लिए नवीकरणीय ऊर्जा (जैसे सौर ऊर्जा) का उपयोग करके उत्पादित हाइड्रोजन

39. पेरिस समझौते के तहत भारत के राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (NDC) का प्राथमिक लक्ष्य क्या है ?

(a) 2030 तक 100% इलेक्ट्रिक वाहन बिक्री हासिल करना

(b) 2030 तक अपने सकल घरेलू उत्पाद की उत्सर्जन तीव्रता को 2005 के स्तर से 45% तक कम करना

(c) 2030 तक वन आवरण को दोगुना करना

(d) 2030 तक कोयले को पूरी तरह से समाप्त करना

40. आँगनवाड़ी योजना के अंतर्गत निम्नलिखित में से कौन-सा/से सम्मिलित *नहीं* है/हैं ?

I. 0 से 6 वर्ष की आयु के बच्चे

II. 11 से 14 वर्ष की आयु की बालिकाएँ

III. गर्भवती और स्तनपान कराने वाली माताएँ

IV. वरिष्ठ नागरिक जो 70 वर्ष की उम्र से अधिक हों

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल II

(b) केवल IV

(c) II और IV

(d) II और III

41. Hydrogen ions can exist in an aqueous medium as :

(a) $H_3O^+$ (b) $H^+$ (c) $OH^-$ (d) $H_2O$

42. Read the statements and conclusions and choose the correct answer from the following alternatives :

**Statements :**

- Some pens are pencils.
- All pencils are erasers.

**Conclusions :**

I. Some pens are erasers.

II. All pens are erasers.

Select the correct conclusion from the following :

(a) Only II

(b) Both I and II

(c) Neither I nor II

(d) Only I

43. The sides of a triangle having an area of 7776 $cm^2$ are in the ratio of 3 : 4 : 5. The perimeter of this triangle is :

(a) 432 cm

(b) 412 cm

(c) 400 cm

(d) 424 cm

41. जलीय विलयन (माध्यम) में हाइड्रोजन आयन _______ रूप में पाए जा सकते हैं।

(a) $H_3O^+$ (b) $H^+$ (c) $OH^-$ (d) $H_2O$

42. कथन और निष्कर्ष पढ़िए और निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए :

**कथन :**

- कुछ पेन, पेंसिल हैं।
- सभी पेंसिल, रबड़ हैं।

**निष्कर्ष :**

I. कुछ पेन रबड़ हैं।

II. सभी पेन रबड़ हैं।

निम्नलिखित में से सही निष्कर्ष चुनिए :

(a) केवल II

(b) I और II दोनों

(c) न तो I, न ही II

(d) केवल I

43. 7776 वर्ग सेमी. क्षेत्रफल वाले त्रिभुज की भुजाओं में 3 : 4 : 5 का अनुपात है। इस त्रिभुज का परिमाप है :

(a) 432 सेमी.

(b) 412 सेमी.

(c) 400 सेमी.

(d) 424 सेमी.

20005585

44. *Trichogramma chilonis* is used for biological pest control in which of the following crops ?

(a) Rose (b) Mango
(c) Sugarcane (d) Garlic

45. In which district of Uttar Pradesh is the "Tharu Tribal Museum" located ?

(a) Barabanki (b) Moradabad
(c) Rampur (d) Balrampur

46. The aerobic breakdown of pyruvate to give $CO_2$, water and ATP takes place in :

(a) Cytoplasm
(b) Mitochondria
(c) Rough Endoplasmic Reticulum (RER)
(d) Nucleoplasm

47. Which of the following is a coal-producing region ?

(a) Bhilwara (b) Chaibasa
(c) Tandur (d) Katni

48. Which Article of the Indian Constitution discusses the promotion of international peace and security ?

(a) 51 (b) 200
(c) 150 (d) 50

49. Which of the following is the S.I. unit of electric power ?

(a) Coulomb (b) Joule
(c) Ampere (d) Watt

50. Net worth is :

(a) Assets – Internal Liabilities
(b) Assets – Outside Liabilities
(c) Assets – Total Liabilities
(d) Assets + Liabilities

44. *ट्राइकोग्रामा चिलोनिस* का प्रयोग निम्नलिखित में से किस फसल में जैविक कीट नियंत्रण हेतु किया जाता है ?

(a) गुलाब (b) आम
(c) गन्ना (d) लहसुन

45. उत्तर प्रदेश के किस जिले में "थारू जनजातीय संग्रहालय" स्थित है ?

(a) बाराबंकी (b) मुरादाबाद
(c) रामपुर (d) बलरामपुर

46. पाइरुवेट के वायवीय विखंडन से कार्बन डाइऑक्साइड, जल तथा एटीपी बनने की प्रक्रिया होती है :

(a) कोशिका द्रव्य में
(b) माइटोकॉन्ड्रिया में
(c) खुरदरी अंतर्द्रव्यी जालिका (आरईआर) में
(d) केंद्रक द्रव्य में

47. निम्नलिखित में से कौन-सा कोयला उत्पादक क्षेत्र है ?

(a) भीलवाड़ा (b) चाईबासा
(c) तांडूर (d) कटनी

48. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा की अभिवृद्धि के बारे में चर्चा की गई है ?

(a) 51 (b) 200
(c) 150 (d) 50

49. निम्नलिखित में से कौन-सा विद्युत शक्ति का एस.आई. मात्रक है ?

(a) कूलॉम (b) जूल
(c) ऐम्पियर (d) वाट

50. निवल मूल्य है :

(a) परिसम्पत्तियाँ – आंतरिक देनदारियाँ
(b) परिसम्पत्तियाँ – बाह्य देनदारियाँ
(c) परिसम्पत्तियाँ – कुल देनदारियाँ
(d) परिसम्पत्तियाँ + देनदारियाँ

## Part - II / भाग - II

## Town and Country Planning / नगर एवं ग्राम नियोजन

51. Match List I with List II and select the correct answer using the code given below the lists :

| List I | List II |
|---|---|
| A. Income Tax | i. An annual tax on a person's capital |
| B. Inheritance Tax | ii. A tax on the increase in the value of an asset when sold |
| C. Wealth Tax | iii. A tax on net income of persons and unincorporated enterprises |
| D. Capital Gains Tax | iv. A tax on the capital passing at death |

Code :

(a) A-iii, B-iv, C-i, D-ii
(b) A-ii, B-iii, C-iv, D-i
(c) A-iv, B-i, C-ii, D-iii
(d) A-i, B-ii, C-iii, D-iv

51. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| सूची I | सूची II |
|---|---|
| A. आयकर | i. किसी व्यक्ति की पूँजी पर वार्षिक कर |
| B. विरासत (उत्तराधिकार) कर | ii. किसी परिसंपत्ति को बेचने पर उसके मूल्य में वृद्धि पर लगने वाला कर |
| C. धन कर | iii. व्यक्तियों और अनिगमित उद्यमों की शुद्ध आय पर कर |
| D. पूँजीगत लाभ कर | iv. मृत्यु पर हस्तांतरित पूँजी पर कर |

कूट :

(a) A-iii, B-iv, C-i, D-ii
(b) A-ii, B-iii, C-iv, D-i
(c) A-iv, B-i, C-ii, D-iii
(d) A-i, B-ii, C-iii, D-iv

52. As part of Sustainable Development Goal 11 (SDG 11) : Sustainable Cities and Communities, what is the specific target related to housing and slums to be achieved by 2030 ?

(a) Halve the proportion of people living in slums while promoting the right to adequate housing
(b) Reduce urban poverty by 50% through housing subsidies and rental control policies
(c) Replace all slum areas with high-rise affordable housing without displacement
(d) Eliminate all informal settlements and relocate residents to planned housing projects

52. सतत शहरों और समुदायों के लिए सतत विकास लक्ष्य-11 (Sustainable Development Goal-11) (एसडीजी-11) के अंतर्गत, 2030 तक आवास और मलिन बस्तियों से संबंधित विशिष्ट लक्ष्य क्या है ?

(a) पर्याप्त आवास के अधिकार को बढ़ावा देते हुए मलिन बस्तियों (slums) में रहने वाले लोगों के अनुपात को आधा करना
(b) आवास सब्सिडी और किराया नियंत्रण नीतियों के माध्यम से शहरी गरीबी को 50% तक कम करना
(c) सभी मलिन बस्तियों को बिना किसी विस्थापन के ऊँचे-ऊँचे किफ़ायती आवासों से बदलना
(d) सभी अनौपचारिक बस्तियों को समाप्त करना और निवासियों को नियोजित आवास परियोजनाओं में स्थानांतरित करना

53. The marketplace situated at the centre of ancient Greek cities was called :

(a) Forum (b) Stadia (c) Piazza (d) Agora

53. प्राचीन यूनानी शहरों के केन्द्र में स्थित बाज़ार को क्या कहा जाता था ?

(a) फोरम (b) स्टेडिया (c) पियाज़ा (d) अगोरा

54. The Delhi Improvement Trust (DIT) was primarily established to :

(a) Implement systematic urban development and housing schemes in colonial Delhi

(b) Coordinate industrial zoning and rural land reforms within the Delhi province

(c) Promote preservation of Mughal architectural heritage across northern India

(d) Facilitate trade regulation and commercial expansion in New Delhi

55. What is the primary distinction between problem solving and planning as discussed in metropolitan transportation planning ?

(a) The number of people involved and the tools used

(b) The cost of implementation and data availability

(c) The reliability of forecasts and the type of transportation system

(d) The time period involved and the breadth of the situation being studied

56. Why is rural development especially important for India ?

(a) Because the rural population is decreasing steadily

(b) Because urban areas have already achieved full development

(c) Because agriculture contributes more than 50% of the GDP

(d) Because a large share of the population lives in rural areas and agriculture remains significant

57. A place or state that exists only in the imagination, where everything is perfect, is called :

(a) Atropia (b) Ectopia

(c) Euphoria (d) Utopia

54. दिल्ली सुधार ट्रस्ट (डीआईटी) की स्थापना मुख्यतः निम्नलिखित उद्देश्यों के लिए की गई थी :

(a) औपनिवेशिक दिल्ली में व्यवस्थित शहरी विकास और आवास योजनाओं को लागू करना

(b) दिल्ली प्रांत के भीतर औद्योगिक क्षेत्रीकरण और ग्रामीण भूमि सुधारों का समन्वय करना

(c) उत्तर भारत में मुगल स्थापत्य विरासत के संरक्षण को बढ़ावा देना

(d) नई दिल्ली में व्यापार विनियमन और वाणिज्यिक विस्तार को सुगम बनाना

55. महानगरीय परिवहन नियोजन में समस्या समाधान (Problem Solving) और नियोजन (Planning) के बीच मुख्य अंतर क्या बताया गया है ?

(a) इसमें सम्मिलित लोगों की संख्या और उपयोग किए गए उपकरण

(b) कार्यान्वयन की लागत और डेटा की उपलब्धता

(c) पूर्वानुमानों की विश्वसनीयता और परिवहन प्रणाली का प्रकार

(d) इसमें सम्मिलित समय अवधि और अध्ययन की जा रही स्थिति की व्यापकता

56. भारत के लिए ग्रामीण विकास विशेष रूप से महत्त्वपूर्ण क्यों है ?

(a) क्योंकि ग्रामीण जनसंख्या लगातार घट रही है

(b) क्योंकि शहरी क्षेत्रों ने पहले ही पूर्ण विकास हासिल कर लिया है

(c) क्योंकि कृषि, जीडीपी में 50% से अधिक योगदान करती है

(d) क्योंकि जनसंख्या का एक बड़ा हिस्सा ग्रामीण क्षेत्रों में रहता है और कृषि अभी भी महत्त्वपूर्ण है

57. एक ऐसा स्थान या अवस्था जो केवल कल्पना में ही मौजूद हो, जहाँ सब कुछ परिपूर्ण हो, कहलाता है :

(a) एट्रोपिया (b) एक्टोपिया

(c) यूफोरिया (d) यूटोपिया

58. According to "The Land Acquisition Act, 1894", the expression "public purpose" includes :
I. Provision of land for town or rural planning.
II. Provision of land for residential purposes to the poor or landless.
Which of the above statements is/are correct ?
(a) Neither I nor II (b) Only II
(c) Only I (d) Both I and II

59. Under involuntary resettlement and rehabilitation principles, compensation for loss of land and other assets should be calculated on the basis of :
(a) Market Value at the time of appraisal
(b) Discounted Value
(c) Replacement Cost
(d) Net Present Value

60. What is the main purpose of conducting both the regional and civic surveys ?
(a) To study only the historical development of an area
(b) To calculate compensation for a land
(c) To investigate the economic, physical and social conditions of an area
(d) To plan road networks

61. Which of the following does the UN-Habitat identify as 'core indicators' of good urban governance ?
(a) Accountability, transparency, equity and efficiency
(b) Industrial expansion and taxation
(c) Rapid urbanization and migration
(d) Bureaucratic control and privatization

62. Clarence Stein, along with Henry Wright, prepared the town plan of the city of :
(a) Radburn (b) Greater London
(c) Letchworth (d) Welwyn

58. "भूमि अधिग्रहण अधिनियम, 1894" के अनुसार "लोक प्रयोजन" अभिव्यक्ति में सम्मिलित है/हैं :
I. नगर या ग्रामीण नियोजन के लिए भूमि का प्रावधान।
II. गरीबों या भूमिहीनों को रहने के उद्देश्य से भूमि का प्रावधान।
उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?
(a) न तो I, न ही II (b) केवल II
(c) केवल I (d) I और II दोनों

59. अनैच्छिक विस्थापन और पुनर्वास सिद्धांतों के अंतर्गत भूमि और अन्य परिसंपत्तियों की हानि के लिए मुआवजे की गणना निम्नलिखित में से किस आधार पर की जानी चाहिए ?
(a) मूल्यांकन के समय बाज़ार मूल्य
(b) बट्टागत मूल्य
(c) प्रतिस्थापन लागत
(d) शुद्ध वर्तमान मूल्य

60. क्षेत्रीय और नागरिक सर्वेक्षणों का मुख्य उद्देश्य क्या है ?
(a) किसी क्षेत्र के केवल ऐतिहासिक विकास का अध्ययन
(b) किसी भूमि के मुआवजे की गणना करना
(c) किसी क्षेत्र की आर्थिक, भौतिक और सामाजिक परिस्थितियों की जाँच करना
(d) सड़क नेटवर्क की योजना बनाना

61. यूएन-हैबिटेट के अनुसार, अच्छे शहरी शासन के 'मुख्य संकेतक' निम्नलिखित में से कौन-से हैं ?
(a) जवाबदेही, पारदर्शिता, समता और दक्षता
(b) औद्योगिक विस्तार और कराधान
(c) तीव्र शहरीकरण और प्रवासन
(d) नौकरशाही नियंत्रण और निजीकरण

62. क्लेरेंस स्टीन ने हेनरी राइट के साथ मिलकर किस शहर की नगर योजना तैयार की थी ?
(a) रेडबर्न (b) ग्रेटर लंदन
(c) लेचवर्थ (d) वेल्विन

63. According to E.W. Burgess's "Concentric Zone Model", the urban land use pattern develops :

(a) In linear strips

(b) In circular zones around the city centre

(c) Along transport corridors

(d) In random clusters

64. Which of the following is a listed technique for cost reduction in low-cost rural houses ?

(a) Extra thick walls everywhere

(b) Importing more cement

(c) Increasing non-load-bearing foundation

(d) Optimizing foundation dimensions

65. The Central Business District (CBD) in land use planning refers to :

(a) Industrial area

(b) Commercial and business hub of the city

(c) Administrative area

(d) Recreational area

66. Which of the following Five Year Plans is also called the Mahalanobis Plan ?

(a) Sixth Five Year Plan

(b) Second Five Year Plan

(c) Ninth Five Year Plan

(d) Fourth Five Year Plan

67. Which of the following measures is *not* taken into consideration in a development plan ?

(a) Zoning Regulations

(b) Density of Population

(c) Floor Area Ratio

(d) Operational Construction

63. ई.डब्ल्यू. बर्गेस के "संकेन्द्रित क्षेत्र मॉडल" के अनुसार, शहरी भूमि उपयोग का पैटर्न कैसे विकसित होता है ?

(a) रैखिक पट्टियों में

(b) शहर के केंद्र के चारों ओर वृत्ताकार क्षेत्रों में

(c) परिवहन गलियारों के साथ

(d) यादृच्छिक समूहों में

64. निम्नलिखित में से कौन-सी तकनीक कम लागत वाले ग्रामीण मकानों में लागत कम करने के लिए सूचीबद्ध है ?

(a) हर जगह अतिरिक्त मोटी दीवारें बनाना

(b) ज्यादा सीमेंट का आयात करना

(c) नॉन-लोड बियरिंग (भारवहन न करने वाली) नींव बढ़ाना

(d) नींव के आयामों का अनुकूलन करना

65. भूमि उपयोग नियोजन में सेंट्रल बिजनेस डिस्ट्रिक्ट (CBD) का अर्थ है :

(a) औद्योगिक क्षेत्र

(b) शहर का वाणिज्यिक और व्यापारिक केंद्र

(c) प्रशासनिक क्षेत्र

(d) मनोरंजन क्षेत्र

66. निम्नलिखित में से किस पंचवर्षीय योजना को महालनोबिस योजना भी कहा जाता है ?

(a) छठी पंचवर्षीय योजना

(b) द्वितीय पंचवर्षीय योजना

(c) नौवीं पंचवर्षीय योजना

(d) चतुर्थ पंचवर्षीय योजना

67. निम्नलिखित में से कौन-सा उपाय विकास योजना में ध्यान में *नहीं* रखा जाता है ?

(a) जोनिंग विनियमन

(b) जनसंख्या घनत्व

(c) तल क्षेत्र अनुपात

(d) परिचालन निर्माण

2005585

68. What does the "break-even analysis" technique help determine in projecting outcomes ?

(a) The maximum allowable cost

(b) The political feasibility

(c) The time required for analysis

(d) The minimum effectiveness needed to justify a policy

69. What does the "Geddesian method" of planning emphasize ?

(a) Implementation, Feedback and Revision

(b) Policy Formulation and Zoning

(c) Survey, Analysis and Plan

(d) Conceptual Modelling and Simulation

70. Which of the following gases is ***not*** classed as a primary greenhouse gas ?

(a) Sulphur dioxide ($SO_2$)

(b) Nitrous oxide ($N_2O$)

(c) Carbon dioxide ($CO_2$)

(d) Methane ($CH_4$)

71. What was the primary achievement of the site planning in the Spandau-Haselhorst housing project (Berlin, 1930-32) ?

(a) A radial street pattern

(b) Centralized utilities

(c) All dwellings had a uniform orientation

(d) Integration of mixed land-use

72. What does Howard's 'Three Magnets' diagram illustrate ?

(a) Attractive features of town life, country life and town-country living

(b) Climatic zones

(c) Building forms

(d) Population density

68. "सम-विच्छेद (ब्रेक-ईवन) विश्लेषण" तकनीक परिणामों का अनुमान लगाते समय किसे निर्धारित करने में मदद करती है ?

(a) अधिकतम अनुमेय लागत

(b) राजनीतिक व्यवहार्यता

(c) विश्लेषण के लिए आवश्यक समय

(d) किसी नीति को सही ठहराने के लिए आवश्यक न्यूनतम प्रभावशीलता

69. योजना बनाने में "गेडेशियन विधि" (Geddesian method) किस पर बल देती है ?

(a) कार्यान्वयन, प्रतिपुष्टि और संशोधन

(b) नीति निर्माण और क्षेत्रीकरण (zoning)

(c) सर्वेक्षण, विश्लेषण और योजना

(d) संकल्पनात्मक प्रतिरूपण (मॉडलिंग) और अनुरूपण (सिमुलेशन)

70. निम्नलिखित में से कौन-सी गैस प्राथमिक हरितगृह गैस ***नहीं*** मानी जाती है ?

(a) सल्फर डाइऑक्साइड ($SO_2$)

(b) नाइट्रस ऑक्साइड ($N_2O$)

(c) कार्बन डाइऑक्साइड ($CO_2$)

(d) मीथेन ($CH_4$)

71. स्पैंडाउ-हासेलहॉर्स्ट आवास परियोजना (बर्लिन 1930-32) की स्थल योजना में मुख्य उपलब्धि क्या थी ?

(a) एक अरीय सड़क प्रतिरूप

(b) केन्द्रीकृत उपयोगिताएँ (सुविधाएँ)

(c) सभी आवासों का समान अभिविन्यास

(d) मिश्रित भूमि उपयोग का एकीकरण

72. हॉवर्ड का 'थ्री मैग्नेट्स' आरेख क्या दर्शाता है ?

(a) नगरीय जीवन, ग्रामीण जीवन और नगरीय-ग्रामीण जीवन की आकर्षक विशेषताएँ

(b) जलवायु क्षेत्र

(c) भवन आकृतियाँ

(d) जनसंख्या घनत्व

73. Parks that are provided to meet the need for fresh air and peaceful enjoyment of unspoiled nature are termed :

(a) Thematic parks (b) Active parks
(c) Passive parks (d) Zoological parks

74. According to NBC 2016, the minimum size of a site for group housing multi-storeyed apartments is :

(a) 2,000 $m^2$ (b) 4,000 $m^2$
(c) 3,000 $m^2$ (d) 2,500 $m^2$

75. Population censuses all over the world are conducted through which of the following methods of data collection ?

(a) Schedule (b) Pantry audit
(c) Interview (d) Questionnaire

76. What is the percentage of India's population living in rural settlements according to Census 2011 ?

(a) 85·4%
(b) 49·3%
(c) 68·84%
(d) 62·4%

77. The concept of "growth pole theory" was developed by :

(a) Galina V. Sdasyuk (b) Walter Christaller
(c) John Friedmann (d) François Perroux

78. Which state has the maximum number of slum towns as per the Census of India 2011 ?

(a) West Bengal (b) Tamil Nadu
(c) Andhra Pradesh (d) Maharashtra

79. Maintaining the fabric of a place in its existing state and retarding deterioration is known as :

(a) Consolidation (b) Preservation
(c) Restoration (d) Conservation

73. वे पार्क जो ताज़ी हवा और अक्षुण्ण प्रकृति के शांतिपूर्ण आनंद की आवश्यकता को पूरा करने के लिए होते हैं, उन्हें क्या कहा जाता है ?

(a) विषयगत पार्क (b) सक्रिय पार्क
(c) निष्क्रिय पार्क (d) प्राणी उद्यान

74. एनबीसी, 2016 के अनुसार, समूह आवास बहुमंजिला अपार्टमेंट के लिए भूखंड का न्यूनतम आकार ________ है।

(a) 2,000 वर्ग मीटर (b) 4,000 वर्ग मीटर
(c) 3,000 वर्ग मीटर (d) 2,500 वर्ग मीटर

75. दुनिया भर में जनसंख्या जनगणना, डेटा संग्रह की निम्नलिखित में से किस विधि से की जाती है ?

(a) अनुसूची (b) पेंट्री ऑडिट
(c) साक्षात्कार (d) प्रश्नावली

76. 2011 की जनगणना के अनुसार भारत की जनसंख्या का कितना प्रतिशत ग्रामीण बस्तियों में रहता है ?

(a) 85·4%
(b) 49·3%
(c) 68·84%
(d) 62·4%

77. "विकास ध्रुव सिद्धांत" की अवधारणा किसके द्वारा विकसित की गई थी ?

(a) गैलिना वी. सदास्युक (b) वाल्टर क्रिस्टालर
(c) जॉन फ्रीडमैन (d) फ्रांस्वा पैरोक्स

78. 2011 की जनगणना के अनुसार किस राज्य में मलिन बस्ती वाले नगरों की संख्या अधिकतम है ?

(a) पश्चिम बंगाल (b) तमिलनाडु
(c) आंध्र प्रदेश (d) महाराष्ट्र

79. किसी स्थान की संरचना को उसकी वर्तमान स्थिति में बनाए रखना और क्षरण को धीमा करना कहलाता है :

(a) समेकन (b) परिरक्षण
(c) पुनरुद्धार (d) संरक्षण

2000585

80. What was the predominant nature of the urbanization process in India during the historical periods (from ancient times to the British period), as it was inextricably related to the rise and fall of kingdoms, dynasties and empires ?
(a) Socio-cultural process
(b) Economic process
(c) Political process
(d) Demographic process

81. Which of the following best describes the concept of a land market ?
(a) Only the sale of agricultural land
(b) Only the government allocation of land free of cost
(c) The institutional and legal framework through which the opportunities for land-use are distributed via sale, lease, or sustained possession
(d) Only informal land occupation

82. "Inclusive development" in the rural context implies :
(a) Focusing only on high-income rural households
